# ऐसे करें भोजन को शुद्ध...!!!



अन्न पैदा होने से बनाने तक अनेकों आत्माओं का सहयोग मिलता है। सबके विचार जीवन में आने वाली परिस्थिति के अनुसार चलते रहते हैं, भोजन में उन सबके विचारों की शक्ति समा जाती है, कई बार उनमें निगेटिव विचार भी चल सकते हैं। यदि हम उनके अन्दर चलने वाले विचारों के प्रभाव से मुक्त होना चाहते हैं, अपने जीवन में शांति का अनुभव करना चाहते हैं, तो कृपया भोजन जैसे ही हमारी थाली में आए तो उस समय पर अपने मन में अन्दर ही अन्दर भोजन को दृष्टि देते हुए सकारात्मक विचारों को चलाएं कि मैं आत्मा शांत स्वरूप हूँ, शांति के सागर, परमात्मा शिव की संतान हूँ। मेरे प्रियतम, प्यारे परमात्मा जितनी भी आत्माओं ने इस भोजन को मुझ तक लाने में सहयोग दिया उन सबका भला हो, इस भोजन को शांति, प्रेम, आनन्द की शक्ति से भरपूर कर दो तो स्वयं को अनुभव होगा कि मुझसे शांति, प्रेम, आनन्द की शक्ति भोजन में समा रही है। एक मिनट इस चिंतन से भोजन को शुद्ध करें।

भोजन देने वाले दाता, परमात्मा को अर्पण कर स्वीकार करें और मौन में रह कर परमात्मा की याद में भोजन करें, फिर जिससे आप कुछ ही महीने में अनुभव करेंगे कि आपका मन शांत एवं हल्का रहने लगा है। स्वयं के अन्दर सर्व के प्रति प्रेम भाव, सेवा, करुणा, दया भाव, अपनापन जगने लगा है।

अगर भोजन बनाते समय व भोजन खिलाते समय परमात्मा की याद बनी रहे तो अहो सौभाग्य! तो परिवार का वातारण शांति, प्रेम, खुशियों से भर जाएगा, इसके लिए भोजन बनाते समय जैसे मसाले डालते हैं वैसे ही एक-एक गुण, शक्ति का अनुभव करें। बस आपके नयनों से शुद्ध वायब्रेशन्स भोजन में समाने लगेंगे, पिता परमात्मा से मन की बातें करते हुए, ये भोजन आपके लिए व आपके बच्चों के लिए बना रहे हैं, इसे खाने वाले का मन शांत, शुद्ध, पवित्र, निर्मल हो जाए।

ये अनुभव लाखों लोगों का है, जिसने इस प्रयोग को किया उनका जीवन बदल गया। सात्विक भोजन सात्विक विचारों से बनाना ही प्रभु प्रसाद बनाना है। आत्मा के गुण, आत्मा ज्ञान स्वरूप, सुख स्वरूप, शांत स्वरूप, आनन्द स्वरूप, प्रेम स्वरूप, पवित्र स्वरूप, शक्ति स्वरूप है। ये हर आत्मा में स्वतः समाए हुए हैं केवल आवश्यकता है चिंतन कर इन्हें जगाने की।



**मीरगंज-बिहार।** ज्ञार चर्चा के पश्चात् बाल कल्याण विकास मंत्री रामसेवक सिंह को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. सुनीता बहन। साथ हैं ब्र.कु. विनोद भाई।



**दिल्ली-पीतमपुरा।** महाशिवरात्रि के अवसर पर ब्र.कु. प्रभा, ब्र.कु. सुनीता तथा सेवाकेन्द्र से निकाली गई शिव संदेश शोभा यात्रा का स्वागत करते हुए ब्र.कु. देवेन्द्र,इंजीनियर तथा उनका परिवार।



**अयोध्या-उ.प्र.।** महाशिवरात्रि पर आयोजित कार्यक्रम में पब्लिक स्कूल के प्रधान अध्यक्ष राजन पाठक को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. सुधा बहन। साथ हैं उनकी धर्मपत्नी, ब्र.कु. उषा तथा अन्य।



**अहमदाबाद-नरोल।** सम्मान समारोह में दीप प्रज्वलित करते हुए चतुर भाई पटेल,बिल्डर,कर्णावती अपार्टमेंट, ब्र.कु. डॉ. मुकेश, ब्र.कु. नेहा,मणिनगर उपक्षेत्रीय संचालिका, ब्र.कु. उषा,राजयोग शिक्षिका,मणिनगर, ब्र.कु. अमर बहन,सुखशांति भवन तथा अन्य सम्मानित भाई-बहनें।



**नवरंगपुर-ओडिशा।** दादी जानकी जी के स्मृति दिवस पर श्रद्धाजंलि अर्पित करने के पश्चात् समूह चित्र में डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर अजीत कुमार मिश्रा, सुपरिंटेंडेन्ट ऑफ पुलिस प्रहलाद सहाय मीना, एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट निमाई चरण सुतार, डिविज़नल फॉरेस्ट ऑफिसर रंजीत कुमार मलिक, प्रोजेक्ट डायरेक्टर डी.आर.डी.ए. रमाकांत नायक, उपक्षेत्रीय निदेशिका ब्र.कु. नीलम दीदी, ब्र.कु. राखी तथा अन्य अतिथिगण।



**छतरपुर-म.प्र.।** महाशिवरात्रि एवं दादी हृदयमोहिनी जी के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित हैं सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. शैलजा बहन, ब्र.कु. विद्या बहन,खजुराहो, रक्षित निरीक्षक कैलाश कुमार पटेल, केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य बिसन सिंह राठौर, समाजसेवी उर्मिला साहू, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से कार्यपालन यंत्री बी.के. श्रीवास्तव तथा ब्र.कु. माधुरी बहन,सिविल लाइन।



**आगरा-आर्ट गैलरी म्यूज़ियम।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सी.आई.एस.एफ. कमांडर राहुल यादव को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. मधु दीदी।



**चन्द्रपुर-महा.।** शहीद दिवस के अवसर पर एन.आई.एम.ए., एन.आई.एफ.ए.ए., एन.बी.टी.सी., जी.एच.सी.सी., रेड क्रॉस सोसायटी तथा कई अन्य स्थानीय संगठनों के साथ मिलकर 28 राज्यों सहित पूरे देश में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन डॉ. अरुण हुमने, डॉ. ततेवर,वरिष्ठ उपाध्यक्ष,एन.आई.एम.ए. सेंट्रल ब्रान्च, ब्र.कु. पूनम तथा डॉ. निवृत्ति रथोर्ड,सिविल सर्जन,चन्द्रपुर ने किया।



**मंदसौर-म.प्र.।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा की जा रही विभिन्न सामाजिक सेवाओं एवं समाज में आध्यात्मिक जागृति लाने हेतु प्रयासों के लिए न्यूज़ टुडे चैनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 'इंडियन आइकॉन' अवॉर्ड से संस्थान को सम्मानित किया गया। ब्रह्माकुमारीज़ की ओर से यह अवॉर्ड प्राप्त करते हुए ब्र.कु. समिता बहन।



**पिंपरी-महा.।** महाशिवरात्रि के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ एवं डी.वाय.पाटील मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर एवं आरोग्य शिविर के दौरान उपस्थित रहे नगर सेवक संदीप वाघेरे, उषाताई वाघेरे, संतोष कोकणे, विनोद नढे, उषाताई काळे, ब्र.कु. सुरेखा तथा अन्य गणमान्य लोगों सहित ब्र.कु. भाई बहनें।



**निम्बाहेड़ा-राज.।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आचार्य श्री तुलसी ब्लड फाउण्डेशन द्वारा आयोजित 'रक्तदान शिविर' में ब्रह्माकुमारीज़ के भाई-बहनों द्वारा भी रक्त दान किया गया। तत्पश्चात् उपस्थित हैं एस.पी. दीपक भार्गव, नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष शारदा, जे.के. सीमेंट के यूनिट हेड राठौर जी, पूर्व पार्षद एवं लायन्स क्लब की संभागीय अध्यक्षा वर्षा कृपलानी, पूर्व विधायक अशोक नवलखा, स्थानीय ब्रह्माकुमारी सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. शिवली बहन तथा अन्य।



**रतलाम-नज़रबाग कॉलोनी(म.प्र.)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भारतीय आदिवासी एवं पर्यावरण विकास न्यास,रतलाम द्वारा आमंत्रित ब्र.कु. सीमा को माला पहनाकर सम्मानित करते हुए पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी श्रीमति सूरज डामोर।



**नई दिल्ली-छतरपुर।** शिव जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहे सांसद रमेश बिधूड़ी के काउंसलर रणबीर तंवर, विधानसभा प्रत्याशी पिंकी त्यागी, सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. अनीता बहन, ब्र.कु. शिवाकान्त तथा अन्य ब्र.कु. भाई-बहनें।